## खास-खबरें

### परिवहन विभाग की चेकिंग में 19 वाहनों से 87 हजार रु. शमन शुल्क वसूला



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा :** जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने विदिशा-सागर रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कुल 23 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इनमें से 19 वाहनों से कुल 87 हजार रु. का शमन शुल्क वसूल किया गया। वहीं शेष 4 वाहनों को प्रकरणों के निराकरण की प्रत्याशा में जब्त कर सुरक्षार्थ पुलिस थाना ग्यारसपुर में रखा गया है। कार्यवाही के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों की जाँच की गई।

### विद्वानों ने विधि-विधान से धारण किया नवीन यज्ञोपवीत



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौर :** श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला मंदसौर में गुरुवार को श्रावणी उपाकर्म का आयोजन धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संपादन संस्कृत पाठशाला के आचार्य पंडित विष्णु ज्ञानी ने कराया। श्रावणी उपाकर्म के अवसर पर पुराने यज्ञोपवीत का विसर्जन कर नवीन यज्ञोपवीत धारण किया गया। आचार्य पंडित विष्णु ज्ञानी ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण संस्कार है। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक उपाकर्म करने से वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए दोषों का शमन होता है। साथ ही यज्ञोपवीत धारण करने से शुद्धता और धार्मिक अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. रविन्द्र पाण्डेय, पंडित सचिन व्यास, पंडित कपिलेश पाठक, पंडित दुर्गाशंकर ज्ञानी, पंडित घनश्याम ज्ञानी सहित अन्य विद्वान एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बरेली में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेली:** बढ़ती महंगाई, बिजली संकट, स्मार्ट मीटर, 20 पेट्रोल, बढ़े बस किराए और किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी बरेली ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम बरेली को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई बढ़ने से गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार, किसान और मजदूर आर्थिक संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने रसोई गैस, दाल, खाद्य तेल, शक्कर सहित आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण की मांग की। ज्ञापन में बिजली कटौती और बढ़े हुए बिजली बिलों का मुद्दा भी उठाया गया। कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने और उपभोक्ताओं को बिजली दरों में राहत देने की मांग की। श्व20 पेट्रोल को लेकर भी उपभोक्ताओं की चिंताओं का समाधान करने तथा वाहनों की तकनीकी अनुकूलता सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ नेता राजीव पालीवाल, भूपेंद्र चौधरी, नरेंद्र रघुवंशी, नीलेश शर्मा, विजय राजौरे, भीकम राय, अमित राय एडवोकेट, दीपक रघुवंशी, मोनू शर्मा, हुकुम ठाकुर, भूपत ठाकुर, नरेंद्र धाकड़, शशि रघुवंशी, नियमत मंसूरी, शुभम ठाकुर, अरविंद तरबरिया, दुर्गेश ठाकुर, अदनान निगार, पोहप चौधरी और रिजवान खान सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चंद्रप्रकाश को सीहोर जिले का प्रभारी बनाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने शाजापुर भाजपा के युवा नेता चंद्रप्रकाश पाटीदार चावड़ा को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सीहोर जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। चंद्रप्रकाश पाटीदार चावड़ा की नियुक्ति पर शाजापुर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चंद्रप्रकाश पाटीदार चावड़ा युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठनात्मक गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ सीहोर जिले में पार्टी संगठन को मिलेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### रक्षाबंधन पर सजा बाजार, रेशम की डोर में दिख रहा भाई-बहन का प्यार



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** भाई-बहन के पवित्र प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर भैरूंदा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मुख्य बाजारों में राखियों की रंग-बिरंगी दुकानें सज गई हैं और खरीदारी के लिए बहनों की भीड़ उमड़ने लगी है। नगर के भारत माता चौक सहित प्रमुख बाजारों में 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की राखियां उपलब्ध हैं। सामान्य राखियों के साथ फैंसी, डिजाइनर और आकर्षक राखियों की मांग भी बढ़ी है। मोती, स्टोन, विशेष डिजाइन और सजावट वाली राखियां ग्राहकों को पसंद आ रही हैं। इस बार बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर, लाइट वाली और खिलौना डिजाइन की राखियां बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

# उज्जैन का कहकर निकले युवक ने बिहार में प्रेमिका के सामने गटका जहर

- फेसबुक का प्यार, 1121 किमी का सफर और खौफनाक अंत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर :** सोशल मीडिया पर परवान चढ़ा प्यार जब हकीकत की कसौटी पर कसा, तो उसका अंजाम बेहद दर्दनाक निकला। परिजनों से उज्जैन जाने का झूठ बोलकर 1121 किलोमीटर दूर बिहार के बगहा पहुंचा शुजालपुर का एक 23 वर्षीय युवक अपनी ही जिद की भेंट चढ़ गया।

फेसबुक के जरिए जिस तलाकशुदा महिला को उसने अपना दिल दिया था, उसी के घर में मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद युवक ने जहर पीकर अपनी जान दे दी। इस खौफनाक घटना ने जहां परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, वहीं बिहार पुलिस ने प्रेमिका को हिरासत में लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।


**प्रेमिका के घर पहुंचा, मोबाइल को लेकर हुआ झगड़ा:** हिरासत में ली गई महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को शरद बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक उसके घर आ गया। उस समय वह अपनी दोनों बेटियों के साथ घर पर थी। घर में दाखिल होते ही शरद ने उससे उसका मोबाइल फोन मांगा। जब महिला ने फोन देने से साफ इनकार कर दिया, तो दोनों के बीच तीखी बहस होने लगी।

**कमरा बंद कर पी लिया जहर, रास्ते में टूटी सांसें:** आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि शरद ने अपनी जेब से एक शीशी निकाली और उसमें रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। इसके बाद उसने खुद को एक कमरे में अंदर से बंद कर लिया। घबराई महिला की सूचना पर तत्काल डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाकर युवक को बाहर निकाला और अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। हालत बिगड़ने पर उसे बेतिया के जीएमसीएच रेफर किया गया, लेकिन एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

**18 अगस्त से काम से था नदारद, शादी का बना रहा था दबावः** अरनियाकला बस स्टैंड स्थित होटल के संचालक सुनील ने बताया कि शरद उनके यहां चाइनीज डिश बनाने का काम करता था। वह 18 अगस्त से ड्यूटी पर नहीं आया था और अक्सर मोबाइल पर लंबी बातें करता था। वहीं, महिला का आरोप है कि बीते कुछ समय से शरद का व्यवहार बदल गया था। शादी से इनकार करने पर वह अलग-अलग नंबरों से फोन करके उस पर शादी का दबाव बना रहा था और परेशान कर रहा था।

**अनजान थे परिजन, सूचना मिलते ही बिहार रवाना:** बुधवार सुबह करीब 9 बजे बिहार पुलिस का फोन आने पर शरद के परिजनों को इस मनहूस घटना की जानकारी मिली। मृतक के पिता जो बस कंडक्टर हैं और चचेरे भाई आनन-फानन में बिहार के लिए रवाना हो गए। परिजनों का कहना है कि उन्हें युवक के प्रेम प्रसंग की कोई भनक तक नहीं थी। वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### फेसबुक से शुरू हुई थी प्रेम कहानी



पुलिस के अनुसार, शुजालपुर सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी मृतक शरद राठौर की करीब दो साल पहले बगहा बिहार के डीह डोमवलिया में रहने वाली एक महिला से फेसबुक के जरिए दोस्ती हुई थी। कुछ ही समय में यह दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों ने शादी करने का मन बना लिया। महिला पहले से तलाकशुदा है और उसकी दो बेटियां हैं। शरद रविवार को परिजनों से उज्जैन जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन मंगलवार को वह सीधा अपनी प्रेमिका के दरवाजे पर जा पहुंचा।

# करणी सेना के दो गुटों में खूनी संघर्ष, दो की हत्या

- शराब पार्टी के दौरान विवाद के बाद हथियारों से किया हमला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन :** उज्जैन के कानीपुरा स्थित लक्की दरबार ढाबे पर बुधवार रात करणी सेना से जुड़े दो गुटों के बीच विवाद के बाद हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गई। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। विवाद के बाद एक पक्ष ने अपने साथियों को बुलाया, जिसके बाद 12 से 15 हथियारबंद लोग ढाबे पर पहुंचे और हमला कर दिया।

हमले में करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजय प्रताप (42) और ढाबा संचालक जितेंद्र पवार (35) की मौत हो गई। राहुल गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं जितेंद्र का शव ढाबे से कुछ दूरी पर झाड़ियों में मिला।

बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। राहुल के परिजनों के अनुसार, पहले भी राहुल और अर्पित के बीच एक बच्चे को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद समझौता हो गया था। इसी सिलसिले में एक बैठक के दौरान दोनों पक्ष ढाबे पर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार, ढाबे पर शराब पीने और खाना खाने के दौरान विवाद बढ़ गया। इसके बाद एक पक्ष ने सोनू बंजारा समेत अन्य लोगों को बुलाया। आरोप है कि हथियारों से लैस लोगों ने राहुल और जितेंद्र पर हमला कर दिया। इस दौरान ढाबे और वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना में घायल शक्ति सिंह का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मामले में अर्पित, करणी सेना जिलाध्यक्ष मोहन बना और सोनू बंजारा समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस पुरानी रंजिश और हमले के कारणों की जांच कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी घटना को लेकर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

### कब्जे और दुकानों के निर्माण की शिकायत के बाद तहसीलदार ने दिए निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** कस्बे की सर्वे नंबर 181/1 की 0.053 हेक्टेयर विवादित भूमि का सीमांकन अब राजस्व अमले द्वारा किया जाएगा। भूमि पर कब्रिस्तान की जमीन के अंश पर अनाधिकृत कब्जे और दुकानों के निर्माण की शिकायत के बाद तहसीलदार न्यायालय ने सीमांकन के आदेश जारी किए हैं।

तहसीलदार बरेली द्वारा 27 अगस्त 2026 को जारी आदेश में राजस्व निरीक्षक कमलेश नेवारे, पटवारी आनंद धाकड़, सुरेंद्र राजपूत और अमित श्रीवास्तव को मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में सीमांकन के दौरान कब्रिस्तान एवं संबंधित भूमि की सीमाएं निर्धारित कर चूना गड़वाने और तीन दिन के भीतर पालन प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

मामले में आवेदक शेख युसुफ वारसी पिता स्वर्गीय शेख रहीम वारसी ने शिकायत करते हुए अमतुल मुजीब खान पर कब्रिस्तान की भूमि के अंश पर अनाधिकृत कब्जा कर दुकानों का निर्माण करने का आरोप लगाया है। हालांकि, भूमि की वास्तविक स्थिति सीमांकन की कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**कानून व्यवस्था के लिए तैनात रहेगा पुलिस बलः** सीमांकन कार्रवाई के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसीलदार ने एसडीएम बरेली से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करने का अनुरोध किया है। वहीं एसडीओपी बरेली के माध्यम से थाना प्रभारी को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलदार कार्यालय से जारी आदेश की प्रतिलिपि थाना प्रभारी बरेली को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

### डॉ. हार्डिकर की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

**सीहोर।** कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण शुब्बाराव हार्डिकर की 51वीं पुण्यतिथि पर शहर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले जाटव द्वारा वार्ड क्रमांक 11 स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. हार्डिकर को पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनकी स्मृति में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा डॉ. नारायण शुब्बाराव हार्डिकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डिकर अमर रहें के नारे लगाकर उन्हें याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि डॉ. हार्डिकर का देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजाराम बड़े भाई ने बताया कि देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने कई बार जेल यातनाएं भी झेलीं।

# कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** प्रांताध्यक्ष शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ रामगोपाल सेन ने प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी एवं पैशनरो की लंबित पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल के नाम उनके कार्यालयों में फैक्स कर शीघ्र निराकरण की मांग की प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने जिन समस्याओं का ज्ञापन में उल्लेख कर निराकरण की मांग की उनमें निम्न प्रमुख हैं।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से पांच सूत्रीय मांगें रखी गई हैं। इनमें कर्मचारियों एवं पेंशनरों का लंबित महंगाई भत्ता तत्काल प्रदान किए जाने की मांग प्रमुख है। साथ ही मंत्रालय में पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पद उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में वर्तमान में कार्यरत पद पर ही पदोन्नति के अनुरूप पदस्थ किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दो-दो माह बीत जाने के बाद भी कमिश्नर कोषालय द्वारा पीपीओ जारी किए जाने के बावजूद ग्रेच्युटी एवं पेंशन की राशि उनके खातों में जमा नहीं हो रही है।

इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व व्यवस्था के अनुसार जिला स्तर पर जिला पेंशनर कार्यालय पुनः सृजित कर व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। इसके अलावा पेंशनरों को सेवानिवृत्ति के समय पीपीओ के साथ ही आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने तथा पेंशनरों को प्रतिमाह 2 हजार रुपये चिकित्सा भत्ता प्रदान किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। ज्ञापन में आशा व्यक्त की गई कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की इन पांचों मांगों के निराकरण के लिए शासन स्तर से उचित दिशा-निर्देश जारी कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मांग करने वालों में प्रमुख रूप से मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बी.एम.सिंह सिसोदिया, सिद्दू सिंह ठाकुर, पी.के. श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, बी.एस. देवड़ा, आलोक शर्मा,बलराम सिसोदिया, बहादुर सिंह परमार, सुनील भार्गव, चन्द्र क्रांति श्रीवास्तव, आर.आर. उइके, महेश बगबैया, मूलचंद्र दहेलिया, मोहन सोनगृहा, मदनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद गेहलोत, तुलसीराम परमार आदि प्रमुख हैं।

# सूअर पालकों को शहर से सूअर हटाने के निर्देश, समय सीमा के बाद होगी कार्रवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ती आवारा सूअरों की समस्या को लेकर नगर पालिका ने सख्त रुख अपनाया है। शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर झुंड में घूम रहे सूअरों के कारण गंदगी बढ़ने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। इस संबंध में नगर पालिका को लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने सूअर पालकों की बैठक आयोजित की। इसमें सीएमओ अशोक वर्मा, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव और स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना ने सूअर पालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने सूअरों को जल्द शहर से बाहर ले जाएं।

अधिकारियों ने कहा कि आवारा सूअरों के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और नालियां जाम होने की समस्या भी सामने आ रही है। इससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है। सूअर पालकों को निर्धारित समय सीमा में सूअर नहीं हटाने पर नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान शहर में घूमने वाले सूअरों को पकड़कर शहर से बाहर भेजा जाएगा। साथ ही संबंधित पालकों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

सीएमओ अशोक वर्मा के निर्णय का नगरवासियों ने स्वागत किया है। नागरिकों का कहना है कि कई वार्डों में सूअरों के झुंड के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल होने के साथ सड़क पर हादसे की आशंका भी बनी रहती है। बैठक में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में सूअर पालक मौजूद रहे।

### दिव्यांश बने प्रधान संपादक, वार्षिक अंक के प्रकाशन की तैयारी शुरू

**गंजबासौदा।** नवांकुर विद्यापीठ में छात्र पत्रिका के संपादक मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार दीक्षित और प्राचार्य संदीप कुमार रावत की उपस्थिति में पत्रिका के वार्षिक अंक के प्रकाशन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन स्कूल और तपोवन हाई स्कूल के विद्यार्थियों का चयन छात्र संपादक मंडल के लिए किया गया। नवांकुर विद्यापीठ से दिव्यांश सोनी, नविका गौड़, नंदिनी रघुवंशी, उपासना जाट, श्री जी दुबे, राधिका भार्गव, नित्या तोमर, मनन सुमन और जिज्ञासु शर्मा को शामिल किया गया। वहीं डॉल्फिन स्कूल से कौशकी दुबे, मेघा जैन, विहान गौड़ और गौरव शर्मा तथा तपोवन हाई स्कूल से अंशिका साहू का चयन संपादक मंडल के लिए हुआ। छात्र दिव्यांश सोनी को सर्वसम्मति से प्रधान संपादक चुना गया। बैठक में पत्रिका के वार्षिक अंक के प्रकाशन की रूपरेखा तैयार की गई।

### गढ़ी में कलेक्टर ने स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** गैरतगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत गढ़ी में गुरुवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने शासकीय स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और आंगनवाड़ी में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

शासकीय स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों से कक्षावार विद्यार्थियों की संख्या, नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति और गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए निरंतर प्रयास करने और शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनसे अध्यापन कार्य, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तथा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

**स्पेशल खबर** मंत्री श्री परमार द्वारा चार करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

# मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से उज्जैन की प्राचीन धरोहरों का हो रहा है कायाकल्पःपरमार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** शहर की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में गुरुवार को महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया। आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 5 में एक करोड़ रुपये की लागत से अति प्राचीन पुरुषोत्तम सागर के जीर्णोद्धार तथा 3.80 करोड़ रुपये की लागत से गंधर्व तालाब के कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से उज्जैन की प्राचीन धरोहरों का कायाकल्प किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास के तहत शहर में कई निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। धार्मिक स्थलों का विकास उनके मूल स्वरूप और धार्मिक भावना को बनाए रखते हुए किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा और आध्यात्मिक चेतना को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। उन्होंने भविष्य में भी इसी श्रद्धा और विश्वास के साथ विकास कार्य जारी रखने का संकल्प दिलाया। नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने कहा कि गंधर्व तालाब और पुरुषोत्तम सागर के जीर्णोद्धार



की लंबे समय से आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना और नगर निगम के सहयोग से यह कार्य पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में उज्जैन के अन्य प्राचीन सागरों का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से तालाबों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और विकास कार्यों के रखरखाव में सहयोग की अपील की। राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज ने कहा कि शिप्रा नदी और प्राचीन तालाबों के शुद्धिकरण, सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से हो रहा है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए 84 महादेव मंदिरों के विकास सहित कई कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, रवि सोलंकी, ओम जैन, जगदीश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद चिकित्सा की बेहतर मार्केटिंग की जरूरत : इंदर सिंह

**उज्जैन।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसके प्रचार-प्रसार के साथ बेहतर मार्केटिंग की आवश्यकता है। आयुर्वेद का उपचार सस्ता और सुलभ है तथा इसे गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में आरोग्य केंद्र भी शुरू किए जा रहे हैं। यह बात आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने गुरुवार को शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही।

मंत्री परमार ने महाविद्यालय में करीब 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित पांच स्नातकोत्तर विभागीय सेमिनार कक्ष, दो विभागीय संग्रहालय, एक समुन्नत प्रयोगशाला और दो बैडमिंटन आउटडोर कोर्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग का प्रयास है कि महाविद्यालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण दिया जाए। उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परमार ने कहा कि वर्ष 2023 तक प्रदेश में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा के सात महाविद्यालय थे। पिछले ढाई वर्षों में नौ नए महाविद्यालय शुरू करने



का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित करने की भी बात कही। मंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में चिकित्सकों को ईश्वर का दर्जा दिया गया है। इसलिए चिकित्सकों को मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सांसद अनिल फिरोजिया ने आयुर्वेद को भारतीय संस्कृति की पहचान बताते हुए कहा कि जड़ी-बूटियों और औषधियों के माध्यम से प्राचीन समय से लोगों का उपचार होता आया है।